प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.08.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे

पीएम–कृषि सम्मेनलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में 32वें अंतरराष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन का शुभारंभ करेगे। वे इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। भारत में इस सम्मेलन का आयोजन 65 वर्ष बाद हो रहा है। इस सम्मेलन में वैश्विक कृषि चुनौतियों के प्रति भारत के सक्रिय दृष्टिकोण को उजागर करेगा और कृषि अनुसंधान नीति में देश की प्रगति दर्शायेगा। कृषि सम्मेलन युवा अनुसंधानकर्ताओं और इस क्षेत्र के अग्रणी पेशेवरों को अपनी सोच सामने रखने और वैश्विक प्रतिभाओं के साथ जुडने का अवसर देगा। सम्मेलन में लगभग 75 देशों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

मौसम अपडेट

प्रदेश में बीते दिनों के दौरान हुई मानसून की भारी वर्षा और बादल फटने की घटना में लापता लोगों की तलाश के लिए राहत व बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। कुल्लू, मंडी और शिमला ज़िले में बादल फटने की घटनाओं में अब तक 6 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनमें पांच मंडी और एक कुल्लू ज़िला का है। आपदा प्रबंधन के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 55 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है जबकि 25 लोग कुल्लू जिला के मलाणा में फंसे हुए हैं जिन्हें निकालने का प्रयास किया जा रहा है। राजस्व व आपदा प्रबंधन के विशेष सचिव डीसी राणा ने बताया कि पानी के तेज बहाव की वजह से ब्यास नदी के नजदीक एक गांव में नौ लोग फंस गए थे, जिन्हें बाद में एनडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीम ने रेस्क्यू किया। उन्होंने बताया कि रामपुर के समेज में एनडीआरएफ के 70 जवान बचाव अभियान चला रहे हैं। इसके अलावा आईटीबीपी और एसडीआरएफ जवान भी बचाव अभियान में जुटे हुए हैं। डीसी राणा ने बताया कि मलाणा में भी 20 से 25 लोगों के फंसे होने की जानकारी है। इनमें कुछ पर्यटक भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी पूरी तरह से सुरक्षित हैं और इनके पास खाद्यान्न सामग्री भी उपलब्ध है।

इस बीच मंडी से पंडोह के बीच राष्ट्रीय उच्च मार्ग तीन स्थानों पर पांच मील, छह मील व नौ मील पर बीती रात भारी बारिश व भूस्खलन के कारण बंद हो गया है जिसे खोलने का कार्य जारी है।

वहीं एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि बाढ़ के चलते क्षतिगत हुए बागीपुल, समेज और जाओ स्कूल को आज से 7 अगस्त तक बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। इन स्कूलों में प्राइमरी स्कूल भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों बादल फटने के बाद आई बाढ़ में इन स्कूलों के भवन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। प्रशासन द्वारा इन स्कूलों को किसी और भवन में शिफ्ट किए जाने की कोशिश की जा रही है।

सुरेश कश्यप

शिमला संसदीय क्षंत्र से भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कल लोकसभा में हिमाचल में भारी बारिश के कारण हुए नुकसान का मुद्दा उठाया। इस अवसर पर सुरेश कश्यप ने केंद्रीय बजट के दौरान वित्त मंत्री द्वारा हिमाचल को आपदा में नुकसान के कारण हुई क्षति के वाक्य का उल्लेख किया और उसी के आधार पर प्रदेश में पहली बारिश में हुए नुकसान की भरपाई की गुहार लगाई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्र सरकार से प्रदेश को तुरंत राहत देने की आवाज संसद में उठाई। कश्यप ने कहा कि कुल्लू जिला में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है।

पोर्टल—शुभारंभ

प्रदेश सरकार ने राजीव गांधी स्वरोज़गार स्टार्टअप योजना के तहत कल शिमला में ऑनलाईन पोर्टल का शुभारंभ किया। श्रम एवं रोजगार विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस पोर्टल पर पात्र युवा अनुदान के लिए आवेदन कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी उद्यमशीलता को बढ़ाना है। इस योजना के तहत हिमाचल के युवाओं को अनुदान के रूप में प्रोत्साहन, रियायतों और अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। परिवहन विभाग के जिन पात्र आवेदकों की पहचान कर श्रम एवं रोजगार विभाग को सिफारिश की है, वे ई—टैक्सी की खरीद के लिए पोर्टल पर जाकर सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

सुर्खियां समाचार पत्रों से

मानसून से जुड़ी खबर को आज अधिकांश समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। पंजाब केसरी की सुर्खी है आपदा के 38 घंटे—मृतकों की संख्या 8 पहुंची, 45 अभी लापता। अमर उजाला का शीर्षक है मंडी में दो शव बरामद, मलाणा टनल से छह लोग किए रेस्क्यू, 46 अभी भी लापता।

बकौल मुख्यमंत्री हिमाचल दस्तक लिखता है प्रभावितों को बसाने के लिए राहत पैकेज देगी सरकार। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं आपदा में बेघर हुए परिवारों को हर महीने 5 हजार किराया देगी सरकार। आपका फैसला के अनुसार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा, लोगों को राहत पैकेज देने का किया वादा।

प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से दैनिक भास्कर ने सुर्खी दी है बादल फटने की घटनाएं झकझोर देने वाली, पर्यावरण से जुड़े आदेशों को हल्के में न ले राज्य सरकार, 5 दिन में नीतिगत फैसला लें। पंजाब केसरी का शीर्षक है पर्यावरण से जुड़े मामलों में दिए आदेशों को हल्के में न लिया जाए। दैनिक जागरण का कहना है एक रात में कई स्थानों पर बादल फटना प्रकृति की चेतावनी।

अमर उजाला की एक खबर है हिमाचल में आयुष्मान भारत योजना की फाइलें गायब, रिकॉर्ड में अंतर। दिव्य हिमाचल लिखता है ईडी रेड में खुलासा—फर्जी आयुष्मान कार्ड से 25 करोड़ का फ्रॉड।